प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 04.09.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने की ग्रेटर रांची डेवलपमेंट अथॉरिटी और स्मार्ट सिटी परियोजना की समीक्षा, शहरीकृत जिलों में स्मार्ट सिटी की तर्ज पर बनेगा सैटेलाइट टाउनशिप।
2. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद छूटे पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने की प्रक्रिया तेज करने का दिया निर्देश।
3. पलामू में एसीबी की कार्रवाई, सड़क और कुआं निर्माण योजनाओं में वित्तीय अनियमितता के मामले में छह आरोपी गिरफ्तार।
4. जन्माष्टमी को लेकर रांची में यातायात व्यवस्था में किया गया बदलाव, आज और कल सुबह छह से रात 12 बजे तक भारी मालवाहक वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित।
5. 21वीं नेशनल यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जमशेदपुर के एथलीट हिमांशु कुमार सिंह ने हाई जंप स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर बनाया नया मीट रिकॉर्ड।

***************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची में ग्रेटर रांची डेवलपमेंट अथॉरिटी और स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत भूमि संबंधी कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने राज्य के अन्य शहरीकृत जिलों में उपलब्ध भूमि, आधारभूत संरचना और कनेक्टिविटी के आधार पर सैटेलाइट टाउनशिप की संभावनाओं पर कार्ययोजना बनाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने रांची स्मार्ट सिटी विस्तार और एचईसी से संबंधित विषयों पर वार्ता की तैयारियों के साथ योजनाओं को समयबद्ध आगे बढ़ाने को कहा।

***************

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को विशेष गहन पुनरीक्षण के प्रारूप प्रकाशन के बाद छूटे पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने की प्रक्रिया तेज करने का निर्देश दिया है। उन्होंने बीएलए की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए अगले दो दिनों में जिला और ईआरओ स्तर पर बैठक करने को कहा। फॉर्म–6, 7 और 8 से जुड़े आवेदन और आपत्तियों की सूचियां राजनीतिक दलों को साप्ताहिक रूप से ऑनलाइन और ऑफलाइन उपलब्ध कराई जा रही हैं।

साउंड बाइट–के. रवि कुमार ऑन एसआईआर–24 सेकेंड

***************

पलामू जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ एसीबी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। छतरपुर, नौडीहा बाजार और चौनपुर थाना क्षेत्रों में एक साथ छापेमारी कर सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों और ठेकेदारों को पकड़ा गया। मामला करीब तीन दशक पुराने सड़क और कुआं निर्माण योजनाओं में वित्तीय अनियमितता से जुड़ा है।

***************

भर्ती व्यवस्था सुधार यात्रा 11वें दिन कोल्हान पहुंची। पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला में यात्रा के दौरान युवाओं ने भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता और सुधार की मांग को लेकर कार्यक्रम और प्रदर्शन किए। यात्रा का नेतृत्व कर रहे देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि यह राजनीतिक यात्रा नहीं, बल्कि युवाओं के भविष्य की लड़ाई है।

साउंड बाइट–देवेंद्र नाथ महतो, जमशेदपुर ऑन उलगुलान–25 सेकेंड

***************

केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले आज रांची में प्रेस वार्ता करेंगे। मोरहाबादी स्थित राजकीय अतिथि गृह में सुबह साढ़े 11 बजे होने वाली प्रेस वार्ता में उनके झारखंड दौरे के कार्यक्रमों और सामाजिक कल्याण से जुड़े विषयों पर चर्चा होगी।

***************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से श्री गणेश पूजा रांची महानगर जिला महासमिति के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को गणेश महोत्सव–2026 में शामिल होने का निमंत्रण दिया और आयोजन की तैयारियों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने महोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक एकजुटता, सद्भाव और भाईचारे को मजबूत करते हैं।

***************

राज्य में एच–1–एन–1 संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं। रांची स्थित रिम्स में अब तक 11 मरीजों के संक्रमित पाए जाने की जानकारी है। अस्पताल प्रशासन ने निगरानी और जांच बढ़ा दी है। फ्लू जैसे लक्षण वाले मरीजों की जांच की जा रही है और संक्रमित मरीजों को आइसोलेशन वार्ड में रखा जा रहा है।

***************

रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक ने टाइगर मोबाइल के पदाधिकारियों और कर्मियों के साथ गश्ती व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण की समीक्षा की। उन्होंने बैंक, एटीएम, ज्वेलरी शॉप, शिक्षण संस्थानों और अन्य संवेदनशील स्थानों पर सघन गश्ती, संदिग्धों के सत्यापन और क्यूआर कोड आधारित पेट्रोलिंग के निर्देश दिए। साथ ही फायरिंग अभ्यास और तीन वर्ष से अधिक समय से तैनात कर्मियों के स्थानांतरण का निर्देश दिया।

***************

बोकारो में जर्जर भवनों और जलजमाव को लेकर प्रशासन ने सख्ती बरतने का फैसला किया है। उपायुक्त अजय नाथ झा ने सभी अधिकारियों को पुराने और जर्जर भवनों को चिन्हित करने का निर्देश दिया है, ताकि किसी तरह की दुर्घटना को रोका जा सके। वहीं, जलजमाव की समस्या के लिए संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही भी तय की जाएगी।

***************

धनबाद के बाघमारा क्षेत्र में लगातार हो रहे भू–धंसान को लेकर लोगों में आक्रोश है। स्थानीय लोगों ने बीसीसीएल की कार्यशैली पर नाराजगी जताई है। इस बीच, क्रमिक विकास मंच ने भू–धसान की घटनाओं को लेकर कार्रवाई की मांग पर संघर्ष करने की घोषणा की है। मंच के सदस्यों ने प्रभावित लोगों को उचित मुआवजा देने की मांग की है।

***************

आज कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर रांची सहित राज्य भर के मंदिरों में विशेष पूजा–अर्चना और धार्मिक अनुष्ठान किए जा रहे हैं। रांची में दही–हांडी प्रतियोगिता व झांकी कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है। इसे लेकर यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। रांची में आज और कल सुबह 6 बजे से रात 12 बजे तक भारी मालवाहक वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। वहीं, कई प्रमुख मार्गों पर छोटे–बड़े मालवाहक और सवारी वाहनों का परिचालन दोपहर 3 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा। आवश्यकता के अनुसार वाहनों को डायवर्ट किया जाएगा।

***************

जमशेदपुर के गोविंदपुर निवासी युवा एथलीट हिमांशु कुमार सिंह ने झारखंड का मान बढ़ाया है। पंजाब के लुधियाना स्थित गुरु नानक स्टेडियम में आयोजित 21वीं नेशनल यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप के अंडर–18 बालक वर्ग की हाई जंप स्पर्धा में हिमांशु ने 2.09 मीटर की छलांग लगाकर स्वर्ण पदक जीता। इसके साथ ही उन्होंने 2.08 मीटर के पुराने मीट रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए नया रिकॉर्ड बनाया।

***************

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित अधिकांश अखबारों ने जेपीएससी और जेएसएससी में हुई कथित अनियमितता मामले में चल रही सीआईडी जांच की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है... 5 निजी विश्वविद्यालय के 218 अभ्यर्थियों का सर्टिफिकेट जांचेगा शिक्षा विभाग।

प्रभात खबर लिखता है....जेटेट 11 अक्टूबर को और रिजल्ट दिसंबर में, टाइम लाइन तैयार।

हिंदुस्तान ने लिखा है... हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा जेपीएससी अध्यक्ष की कब होगी नियुक्ति।

दैनिक जागरण की सुर्खी है–जांच की जद में उत्पाद सिपाही परीक्षा, तमाड़ में पेपर रटवाते पकड़ाया था साल्वर गैंग।

*********समाप्त**********